Mobile No.- 9473942572

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 581 / M-8 / 87 दिनांक 24–06–2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली ऑनलाइन /समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं अमृत विचार, दिनांक 23.06.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित –

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | दैनिक भास्कर दिनांक 23.06.2026<br><br>अमृत विचार दिनांक 23.06.2026 | **जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीकेज से मकान क्षतिग्रस्त: आंवला में पीड़ित ने एसडीएम से की शिकायत**<br><br>जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीकेज से मकान क्षतिग्रस्त: आंवला में पीड़ित ने एसडीएम से की शिकायत<br>**पानी की पाइप लाइन में लीकेज से मकान में पड़ी दरार, एसडीएक से लगाई गुहार–**<br><br>पानी की पाइप लाइन में लीकेज से मकान में पड़ी दरार, एसडीएम से लगाई गुहार | उक्त प्रकरण के संबंध में अवगत कराना है कि तहसील आंवला विकास खण्ड मझगवां ग्राम पंचायत अभादानपुर बैहटा जानू के ग्राम मिर्जापुर की शिकायत संज्ञान में आते ही संबंधित कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि स्थल का तत्काल निरीक्षण कर पाइपलाइन लीकेज के वास्तविक कारणों का परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।<br>प्रारंभिक जांच में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि उक्त गली में केशोकृपा ब्राड की HDPE 90 mm dia का पाइप डाला गया है, जो कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत उक्त योजना में प्रयुक्त नहीं है।<br>योजना की डिजाइन के अनुसार मौके पर 63 mm पाइप लाइन डाला जाना था, परन्तु 90 mm dia का पाइप लाइन पाया गया। जल जीवन मिशन परियोजना में जे0जे0एम0यू0पी0 मार्क ब्रान्ड का पाइप डाला जा रहा है उक्त ग्राम पंचायत वर्ष 17 अक्टूबर 2022 में नगर पंचायत आंवला में सम्मिलित होने के कारण सम्भवतया सी0सी0 रोड बनाने वाली संस्था के माध्यम से ही गली में निवासियो द्वारा अनाधिकृत रूप से बिना विभाग को | |

Mobile No.- 9473942572

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

**म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड**-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सूचित किये पाइप की लेइंग एण्ड जोइन्टिग कराया गया है। जिसकी जानकारी विभाग को नहीं दी गयी थी।<br>जल जीवन मिशन के कार्य कर रही संस्था मै0 एन0सी0सी0 द्वारा उक्त गली में पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है तथा उक्त पाइप लाइन को अवशेष पेयजल योजना के वितरण प्रणाली से जॉइंट नहीं किया गया है<br>  | |

भवदीया

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता

# पानी की पाइप लाइन में लीकेज से मकान में पड़ी दरार, एसडीएम से लगाई गुहार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचारः** जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज होने से एक मकान को नुकसान पहुंचने का मामला सामने आया है। मोहल्ला मिशनपुर निवासी संजय मौर्य ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पाइप लाइन ठीक कराने और हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।



आंवला क्षेत्र में मकान में पड़ी दरार। ● अमृत विचार

शिकायती पत्र में संजय मौर्य ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत मोहल्ला मिर्जापुर, आंवला में पानी की पाइप लाइन डाली गई थी। 19 जून से पाइप लाइन में पानी आना शुरू हुआ। इसके बाद पाइप लाइन में किसी स्थान पर ज्वाइंट या लीकेज होने के कारण पानी लगातार जमीन के अंदर जाने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पानी रिसने से उनके मकान की नींव कमजोर हो गई और मकान बैठने लगा है। दीवारों में भी दरारें आ गई हैं, जिससे भविष्य में परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देश देकर पाइप लाइन की जांच कराकर लीकेज को तत्काल ठीक कराया जाए और मकान में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि शिकायत की प्रति जल निगम बरेली को भी भेजी गई है। एस . डी . एम . विदुषी सिंह ने बताया कि मंगलवार को शिकायती पत्र मिला है । दिखवायेंगे व जांच कर विधिक कार्रवाई करेंगे।

60 गज
का वाद
ने हड़पे

**कैंट, अमृत**
एक बिल्डर
करते हुए 60
मकान बनाव
5.5 लाख रु
बाद भी बिल
नहीं दिया गय
में आरोपी बि
धाराओं में रि
जांच कर रही
थाना सु
विहार मोहल्ल
देवी पत्नी वी
दिसंबर 20
निजावत खां
एवं उस पर
धनराज बिल
शर्मा निवासी
लाख रुपए
बिल्डर ने 11
उन्हें मकान
उनके साढे 5